# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में समीक्षा बैठक में धान क्रय केन्द्रों की संख्या पांच हजार तक बढ़ाने और किसानों को समय से भुगतान करने के दिये निर्देश।
2. काशी–तमिल संगमम का चौथा संस्करण वाराणसी में कल से हो रहा है शुरू : केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल।
3. प्रदेश में बिजली बिल राहत योजना आज से लागू : ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने प्रयागराज से इस योजना का किया शुभारंभ : पहले चरण में बकायेदारों के लिये सौ प्रतिशत ब्याजमाफी और पच्चीस प्रतिशत मूलधन में छूट।

और

4. उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ में विकसित यूपी कान्क्लेव को किया सम्बोधित : कहा– प्रदेशवासियों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर कर रही है कार्य।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धान क्रय केंद्रों पर आने वाले हर किसान का धान खरीदन और समय पर उनके खाते में सीधे भुगतान करने का निर्देश दिया है। आज लखनऊ में एक बैठक में धान खरीद की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीद केंद्रों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आवश्यकता अनुसार मैन पावर बढ़ाई जाये। जिससे किसानों को वापस न जाना पड़े। उन्होंने धान क्रय केंद्रों की संख्या पांच हजार करने के निर्देश दिये, ताकि किसानों को अपने गांव के निकट ही सुविधा उपलब्ध हो सके।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मिड–डे मील और आंगनबाड़ी केंद्रों में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने के भी कहा।

——————————

तमिलनाडु और काशी के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों का उत्सव काशी–तमिल संगमम का चौथा संस्करण वाराणसी में कल से शुरू हो रहा है। चौथे संस्करण का पहला चरण दो से 15 दिसम्बर तक वाराणसी में तथा दूसरा चरण 15 से 31 दिसम्बर तक तमिलनाडु में आयोजित किया जायेगा। एक रिपोर्ट...

*एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए वाराणसी में कल से शुरू हो रहे काशी–तमिल संगमम के चौथे संस्करण में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि तथा पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन भी उपस्थित रहेंगे। भारत सरकार के तकनीकि शिक्षा एवं साक्षरता*

*विभाग के प्रमुख सचिव गोविन्द जायसवाल ने बताया कि काशी–तमिल संगम 4.0 के पहले चरण में तमिलनाडु से छात्रों और शिक्षकों का सात दल वाराणसी आयेगा, वहीं तीन सौ छात्र वाराणसी से तमिलनाडु जायेंगे। तमिलनाडु से आने वाले दल में शामिल शिक्षक वाराणसी के स्कूलों में बच्चों को तमिल भाषा सिखायेंगे। इसके अलावा ऐतिहासिक कार रैली–ऋषि अगस्त्य वाहन रैली भी होगी, एक प्रमुख पहल के रूप में यह रैली 2 दिसंबर को तेनकाशी (तमिलनाडु) से शुरू होगी और 10 दिसंबर को वाराणसी में इसका समापन होगा। इस रैली में लगभग 100 प्रतिभागी और 15–20 कारें शामिल होंगी, जो 2,460 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। इस संगमम से आने वाली पीढ़ियां न केवल तमिल भाषा जानेंगी बल्कि उसकी सांस्कृतिक संमृद्धि और भारत के साझा सांस्कृतिक ऐतिहासिक विरासत का अनुभव करेंगी। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

**काशी तमिल संगमम में आने वाले मेहमानों को वाराणसी में विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कराया जायेगा। श्री काशी विश्वनाथ न्यास के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने बताया कि मेहमानों का परम्परा के अनुसार स्वागत किया जायेगा।**

———————————

**उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी 'बिजली बिल राहत योजना 2025–26' आज से पूरे प्रदेश में लागू हो गई है। योजना के प्रथम चरण में पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत ब्याज माफी एवं मूलधन पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने प्रयागराज के सोरांव सब स्टेशन से इस योजना का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने प्रतापगढ़ के कुंडा सब स्टेशन और रायबरेली जिले के ऊंचाहार सब स्टेशन में मेगा कैंप का उदघाटन किया।**

उद्घाटन के दौरान ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह योजना न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करेगी, बल्कि बिजली विभाग और उपभोक्ता दोनों के बीच विश्वास और सहयोग के नए युग की शुरुआत करेगी। बाइट...

*उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को दशकों पुराने बिजली के बकाये भार से मुक्ति मिलेगी। माननीय प्रधानमंत्री जी के पेरणा से हम लोगों ने बहुत ही ऐतिहासिक बिजली बिल योजना चलाई है। जिसकी आज हमने एक दिसम्बर से लांचिंग की है। प्रयागराज में सोराव में सैकड़ो लोगों ने दो घंटे के अंदर ही इस योजना का लाभ लेने के लिए आवंटन करा लिया है और हमने इनको प्रमाण पत्र भी वितरित कर दिया है। बहुत ही अच्छी योजनायें इस योजना में सौ प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूलधन में भी पच्चीस प्रतिशत माफी का प्राविधान किया गया है।*

——————————

गोरखपुर के बड़हलगंज और देवरिया के कछार क्षेत्र के गांवों में  आवागमन को सुगम बनाने के लिए बड़हलगंज के बैरियाखास में राप्ती नदी पर पुल का निर्माण किया जा रहा है। लगभग 72 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस पुल से गोरखपुर और देवरिया के मध्य वाया बड़हलगंज दूरी 15 किमी कम हो जाएगी। इससे यहां की करीब डेढ़ लाख की आबादी लाभान्वित होगी।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों और तहसीलों तक अत्याधुनिक स्वास्थ सुविधायें पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। आज लखनऊ में आयोजित विकसित यूपी कान्क्लेव को संबोधित करते हुए श्री पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्वास्थ सवाओं के विस्तार में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि 2047 तक उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता को वही अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों, जो आज केवल महानगरों में मिलती हैं।

इस अवसर पर राज्य मंत्री, चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मयंकश्वर शरण सिंह ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा और इसमें स्वास्थ्य क्षेत्र की भूमिका निर्णायक रहेगी।

——————————

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का कार्य तेजी से चल रहा है। आज लखनऊ में एसआईआर और उसकी महत्ता के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा

12 राज्यों में चल रहे सघन पुनरीक्षण अभियान की तिथि बढ़ाए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि अब मतदाता आसानी से गणना प्रपत्र भरकर जमा कर सकेंगे और इससे इस कार्य में लगे कर्मचारियों को भी राहत मिलेगी। बाइट....

*एसआईआर भारत निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष पारदर्शिता पूर्ण सूची बनाने के लिए एक बड़ा अभियान छेड़ा है। उत्तर प्रदेश सहित 12 राज्यों में चल रहा है। डेट बढ़ने से जो मतदाता हैं, वह आराम से अपना गणना पर पत्र जमा कर सकेंगे और जो गणना कर्मी है, उनको भी सुविधा मिलेगी। मैं भारत निर्वाचन आयोग का बहुत–बहुत धन्यवाद देता हूं।*

उधर एटा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित समय से पूर्व सौ प्रतिशत पूरा हो गया है। वहीं अमरोहा में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य लगभग  तिरासी प्रतिशत पूर्ण हो चुका ह। ज़िला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि निर्धारित तिथि तक कार्य आसानी से पूर्ण कर लिया जाएगा। बाइट....

*लगातार जनपद अमरोहा में एसआईआर का काम चल रहा है। जनपद 83ः से ज्यादा एसआईआर को फॉर्म्स को डिजिटाइज कर चुका है। आज भी बीएलओ की ट्रेनिंग चल रही है। लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि किसी भी स्तर पर किसी कन्फ्यूजन की स्थिति ना रहे। बीएलओ पूरे मनोयोग से यह काम कर रहे हैं और 279 बीएलओस के द्वारा 100ः फॉर्म डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा चुका है। लगातार बीएलओ को सहायता देने के लिए सहायक लोग जो है लगाए गए हैं जिसमें टेक्निकल लोग भी शामिल हैं।कुछ इसमें अधिकारी भी लगाए हैं नोडल अधिकारी जो विभिन्न एसोसिएशंस और विभिन्न जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी फॉर्म कलेक्शन में बीएलओ का सहयोग कर रहे हैं।*

——————————

आज विश्व एड्स दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश भर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अमरोहा में शिक्षण संस्थानों में छात्र–छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर इस बीमारी से बचाव और रोकथाम के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। शाहजहाँपुर में इस अवसर पर एक रैली का निकाली गई। कलेक्ट्रेट से शुरू हुई इस रैली को मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं वाराणसी में चोलापुर स्थित एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

——————————

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी–20 मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 17 दिसंबर को खेला जाएगा। इस मुकाबले के टिकट का अनावरण आज इकाना स्टेडियम में किया गया।

——————————